ज्ञापन

तहसीलदार के सामने ग्रामीणों ने जताया विरोध, फिश पार्लर तत्काल दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग

स्कूल परिसर में फिश पार्लर पर भड़का आक्रोश, सड़कों पर उतरे छात्र-पालक

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 19 सितंबर, ग्राम पंचायत उभेगांव में स्कूल परिसर में बनाए जा रहे फिश पार्लर को लेकर विवाद अब सड़क तक पहुंच गया है। निर्माण स्थल और स्कूल परिसर को लेकर पहले से उठ रहे सवालों के बीच शनिवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची नयाब तहसीलदार की टीम के सामने छात्र-छात्राओं, पालकों और ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया।

ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि स्कूल परिसर के पास फिश पार्लर

किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसे तत्काल गांव से बाहर उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। फिश पार्लर के निर्माण को लेकर ग्रामीण पहले भी प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीणों ने निर्माण स्थल, स्कूल से अनुमति, तकनीकी स्वीकृति और निर्माण की स्थिति सहित कई बिंदुओं पर जांच की मांग की है।

बाउंड्रीवाल से सटाकर निर्माण पर भी सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि फिश पार्लर का निर्माण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड क्षेत्र में किया जा रहा है। उनका कहना है कि सामुदायिक सुलभ शौचालय को हटाने के बाद स्कूल की बाउंड्रीवाल की दीवार के ऊपर और उससे सटाकर निर्माण किया गया और उसके ऊपर स्लैब डाल दी गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर स्कूल परिसर में इस तरह का निर्माण किस अनुमति और किस आधार पर कराया गया?

तहसीलदार की टीम के सामने छात्रों ने खोला मोर्चा

शनिवार को जब तहसीलदार और राजस्व अमला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए उभेगांव पहुंचा, तो स्कूल के छात्र-छात्राएं, उनके पालक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने फिश पार्लर के निर्माण को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए तत्काल स्थान परिवर्तन की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल बच्चों के पढ़ने और सुरक्षित वातावरण के लिए है, इसलिए उसके परिसर में फिश पार्लर का निर्माण उचित नहीं है। उनका आग्रह था कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर निर्माण की वैधानिकता, स्थल चयन और अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच करे।

हर्रई में स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

हर्रई, 19 सितंबर, सांदीपनी विद्यालय हर्रई में विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं शैक्षणिक प्रगति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूटी वितरण एवं जेईई/नीट विद्यार्थियों को 10,000 की प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रानी माधवी कमलेश शाह उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास ही सफलता की सबसे मजबूत सीढ़ी है। कार्यक्रम के दौरान पात्र20 विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण किया गया, वहीं छ्वश्वश्व एवं ह्वश्वश्वज्ञ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 10 विद्यार्थियों को विधायक राजा कमलेश शाह के सौजन्य से दस- दस हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय प्रमुख प्रकाश कालंबे, महेंद्र गुप्ता, एवं समस्त संस्था प्रमुख विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा को प्रोत्साहन, प्रतिभा को सम्मान और विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान देने की दिशा में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संगीता डेहरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम नारायण धुर्वे, शंभू दयाल साहू, मनोज नेमा उपस्थित थे।

पंचायती राज बहाल करने 30 सितंबर को भोपाल में आंदोलन

नवभारत न्यूज

चौरई/छिंदवाड़ा, 19 सितंबर, ग्राम स्वराज अधिनियम में किए गए बदलावों से पंचायतों के कार्य प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरपंच संघ ने पंचायती राज व्यवस्था को पूर्व स्वरूप में बहाल करने की मांग उठाई है।

शनिवार को चौरई जनपद क्षेत्र के ग्रीन होटल में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर ने जिले की 11 जनपद पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों सरपंचों को संबोधित किया। तोमर ने कहा कि पंचायतों को वास्तविक रूप से मजबूत किए बिना ग्राम स्वराज की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि पंचायतों को उनके वैधानिक अधिकार वापस दिए जाने के साथ विकास कार्यों के लिए समय पर पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने और प्रशासनिक अड़चनों को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार पंचायती राज व्यवस्था बहाल करने में विलंब करती है तो 30 सितंबर को भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्राम स्वराज बचाओ अभियान के तहत यात्रा दतिया जिले से शुरू हुई है। यह यात्रा दतिया, शिवपुरी, गुना, उमरिया, सिवनी, छिंदवाड़ा और बैतूल होते हुए भोपाल पहुंचेगी। शनिवार को कपूरदा में मां देवी की पूजा-अर्चना के बाद यात्रा छिंदवाड़ा जिले में पहुंची, जहां चौरई में सरपंच संघ के प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 की क्विज में युवाओं ने लिया सहभागिता

नवभारत न्यूज

परासिया, 19 सितंबर, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत आयोजित क्विज में छिंदवाड़ा जिले के युवाओं को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण एवं जिला युवा अधिकारी सिमरन राजपूत के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मनेश भलावी द्वारा युवाओं को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 की क्विज के संबंध में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए प्रेरित

किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले के युवाओं में विकसित भारत के प्रति जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, ज्ञान एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को बढ़ावा देना है। युवाओं को बताया गया कि यह क्विज केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश के विकास, युवा नेतृत्व और भविष्य की दिशा को समझने का अवसर भी है।

अभियान के दौरान युवाओं को क्विज में सहभागिता की प्रक्रिया एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं से अपने मित्रों, सहपाठियों एवं अन्य युवा साथियों को भी जोड़ने का आह्वान किया गया।

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत 46 विद्यार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

परासिया, 19 सितंबर, मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय, पेंचवेली परासिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड परासिया के 46 पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

योजना के तहत 20 विद्यार्थियों ने ई-स्कूटी तथा 26 विद्यार्थियों ने मोटराइज्ड स्कूटी का चयन किया। कार्यक्रम में विधायक सोहन वाल्मिक, स्थायी शिक्षा समिति के सभापति एवं ज पं उपाध्यक्ष जमील खान, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, बीईओ श्रीराम धुर्वे, बीआरसी श्याम गुन्हरे, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य अवधेश वर्मा सहित पालक, विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजीपानी में मनाया गया दीपोत्सव

नवभारत न्यूज

परासिया, 19 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत भाजीपानी में 'सेवा ही संकल्प' के भाव के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी, सरपंच जयवंती कुमरे, उपसरपंच सचिन

सूर्यवंशी सहित पंचगण, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, हितग्राही एवं लाभार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अजमेरा शाह, रिंकू वाडिया, राहुल कुमरे, एकांत राय, राजकुमार कहार, सागर नाविक, अभय सूर्यवंशी, ब्रजेश भट्ट, विनीता सोनी, उर्मिला धुर्वे, प्रिया बादशाह एवं विमला बम्होड़े सहित ग्रामीणों ने सहभागिता की।

स्कूल में शिक्षिका की अनुपस्थिति को लेकर पालकों ने जताई नाराजगी, पंचनामा तैयार

नवभारत न्यूज

परासिया, 19 सितंबर, ग्राम पंचायत अम्बाड़ा में पालकों से प्राप्त सूचना के आधार पर संकुल प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद प्राथमिक शाला अम्बाड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी जानकारी ली गई।

पंचनामा में दर्ज जानकारी के अनुसार संस्था प्रमुख प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सुनीता सोनी 18 सितंबर से बिना उचित कार्यालयीन सूचना के अवकाश पर थीं। बच्चों ने बताया कि शिक्षिका प्रशिक्षण के लिए परासिया गई हैं। वहीं पालकों ने आरोप लगाया कि शिक्षिका नियमित रूप से निर्धारित शाला समय पर उपस्थित नहीं होतीं तथा देर से विद्यालय पहुंचकर उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कुछ समय में चली जाती हैं। पालकों ने यह भी शिकायत की कि शिक्षिका की लगातार अनुपस्थिति के कारण बच्चों का शैक्षणिक स्तर प्रभावित हो रहा है। पालकों ने शिक्षिका को अन्य संस्था में स्थानांतरित करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराने की मांग की। निरीक्षण के बाद संकुल प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया, जिस पर पालकों के हस्ताक्षर भी लिए गए।

चौरई महाविद्यालय में चलाया जा रहा है सेवा संकल्प अभियान

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी

नवभारत न्यूज

चौरई, 19 सितंबर, शासकीय महाविद्यालय चौरई में 'सेवा संकल्प अभियान-2026' का शुभारंभ 17 सितंबर को दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ किया गया।

प्राचार्य डॉ राजेश कुमार कहार के निर्देशन में संचालित यह अभियान 17 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगा। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ की सहभागिता से विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियां की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियां, श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी, 'कहानी बदलाव की' का संकलन, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण, स्वास्थ्य-पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता, नशामुक्ति एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता, करियर काउंसलिंग एवं वोकल फॉर लोकल, फिट इंडिया-योग एवं ध्यान तथा सड़क सुरक्षा, मतदान जागरूकता एवं सामाजिक दायित्व से संबंधित गतिविधियां की जा रही हैं। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता एवं श्रमदान, प्लास्टिक-मुक्त जागरूकता तथा कचरा पृथक्करण के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति चौरई, जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

क्रमांक / मंडी / निर्माण / तौल कांटा / 2026-27/1372
चौरई दिनांक 19/09/2026

निविदा (द्वितीय आमंत्रण सूचना)

कृषि उपज मंडी समिति चौरई जिला छिन्दवाड़ा ''अ'' श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेटर एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम कमांक 2026_MPSAM_537249 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 10.10.2026 को दोपहर 05.30 PM बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा पोर्टल https://mptenders.govt.in पर जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल प्राप्त होगी एवं उक्त समस्त निविदा से संबंधित www.mpmandiboard.govt.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
चौरई, जिला छिन्दवाड़ा

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पांढुर्णा वनमंडल सा.

वनमंडलाधिकारी पांढुर्णा वनमंडल सा. अंतर्गत म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत कार्यालय में लगने वाली कार्यालय उपयोगार्थ दीवार पैनल एवं अन्य सामग्री क्रय मय फिटिंग सहित (निविदा में दर्शित सूची अनुसार) क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है। निविदा सामग्री की सूची निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 23.09.2026 बजे 12.00 से (दिनांक) 13.10.2026 बजे दोपहर 5.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 30.09.2026 समय 03.00 को कार्यालय पांढुर्णा सामान्य वनमंडल, जिला पांढुर्णा में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होंगे जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही।
- कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार क्रय आदेश में उल्लेखित स्थान पर स्वीकृत दर से सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सफल निविदाकार की होगी। लोडिंग / अनलोडिंग / परिवहन एवं अन्य व्यय निविदाकार का होगा। कार्यालय द्वारा कोई भी अतिरिक्त व्यय वहन नही किया जायेगा।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः- https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
पांढुर्णा वनमंडल सा.

G-18788/26

बेटियों को बचाने के लिए छात्राओं को किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 19 सितंबर, समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बेटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतु प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया है।

गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी श्याम सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन मे समाजसेवी मनोज ठाकुर की उपस्थित मे जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाड़ा विकास खंड के हायर सेकेंडरी स्कूल उमरिया ईसरा मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की इस हब के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं, शासन से मिलने वाली योजनाओं , सुविधाओं, ओर सरकारी मदद के बारे मे जानकारी देकर सहायता करना, एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है ।

स्कूटी से विद्यार्थियों की पढ़ाई होगी सुगम : सदन साहू

मोहखेड़ के 38 विद्यार्थियों को मिला योजना का लाभ

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 19 सितंबर, शासन की स्कूटी योजना के तहत मोहखेड़ विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूटी का लाभ मिला है। विभागीय सूची में कुल 38 विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। योजना के तहत विद्यार्थियों को विद्यालयवार स्कूटी प्रदान की गई।

शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय मोहखेड़ से गुंजा खौसी और प्रिंस गिरारे को स्कूटी मिली.कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पांढुर्णा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सदन साहू ने कहा कि

शासन की स्कूटी योजना विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई भी सुगम होगी। विद्यार्थियों को इस सुविधा का सदुपयोग करते हुए नियमित अध्ययन करना चाहिए। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन साहू, पांढुर्णा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सदन साहू, पूर्व सरपंच श्यामू साहू, मनोज साहू, फैयाज खान, मोनू साहू, प्राचार्य जगदीश ग्यार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इन स्कूलों के विद्यार्थियों को भी मिला लाभ

इसके अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगबिहरी से सोनाली माटे और पीयूष लाड़े, सावरी बाजार से मीनाक्षी डोंगरे और ललित पवार, महालपुर से श्रियांशी पवार और विकास धुर्वे, कामठी से आयुष निनावे और महिमा चंद्रवंशी, पालामऊ से कृष्णा डिगरसे और गीतांजलि डिगरसे, सिल्लेवानी से नंदानी तुमडाम और शांतनु धुर्वे, उमरानाला से प्रीत मंद्रेकर और अंजल कांजरीकर, लिंगा से अतुल साहू और साक्षी कराड़े, लावाघोघरी से तेजेश्वरी सोनी और विकेश धुर्वे, खुनाझिरकलां से वैभव भलावी और मानसी बांडेवार, मुजावरमाल से अमीना भावकर और प्रखर घोरसे, मैनीखापा से आशिका धुर्वे और अमनशा धुर्वे, पालाखेड़ से रुस्तम घोरसे और अदिति देशमुख सहित अन्य उपस्थित थे।

असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर राकेश झोड़ का निधन

मोहखेड़। मध्यप्रदेश पुलिस में सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) राकेश झोड़ का शनिवार 19 सितंबर 2026 की सुबह करीब 4.30 बजे छिंदवाड़ा के विवांता हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों, परिचितों और शुभचिंतकों में शोक की लहर है। राकेश झोड़ ने अपने सेवाकाल में पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन किया। सरल स्वभाव और सहज व्यवहार के चलते उन्होंने लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। उनका जन्म 29 मार्च 1969 को हुआ था। बीमारी से लंबे समय तक संघर्ष के बाद उनके निधन से परिवार ने अपना एक महत्वपूर्ण सदस्य खो दिया।

आयोजन

छात्र-छात्राओं, युवाओं और कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देखा आयोजन

छात्रों की गूंज कार्यक्रम का विधानसभा व ब्लॉक स्तर पर हुआ सीधा प्रसारण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 19 सितंबर, जिला मुख्यालय छिन्दवाड़ा व जिला मुख्यालय पांढुर्ना सहित समस्त विधानसभाओं व ब्लॉक स्तर पर इंदौर के रीजन पार्क में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिले के छात्र-छात्राओं, युवाओं, आमजन व कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में प्रोजेक्टर व बड़ी स्क्रीन पर हुए सीधे प्रसारण से जुड़े।

नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सम्बोधित किए गए इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बने युवाओं व

छात्राओं ने जहां एक ओर इसे आयोजन की सराहना की तो वहीं भाजपा सरकार की युवा विरोधी नीतियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में जारी घोटोल पर उठे सवाल और नेता विपक्ष राहुल गांधी के जवाब की जमकर प्रशंसा की। देश, प्रदेश और प्रत्येक जिले में बढ़ती हुई बेरोजगारी से अनभिज्ञ बनी भाजपा सरकार पर राहुल गांधी ने सवाल उठाए और युवाओं की ज्वलंत समस्याओं पर खुलकर चर्चा की तो प्रोजेक्टर व बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण देख रहे समस्त युवा व छात्र शक्ति ने सम्पूर्ण बातों का खुलकर समर्थन किया। छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले की सभी विधानसभाओं और ब्लॉकों में सीधे प्रसारण को देखने के लिए लगाए गए प्रोजेक्टर और बड़ी स्क्रीन के सामने बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं और आमजन उपस्थित हुए।

इन स्थानों पर हुआ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी बस स्टैंड, पांढुर्ना जिला मुख्यालय, परासिया विधानसभा में परासिया ब्लॉक, अम्बेडकर चौक चांदामेटा, उमरेठ में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, चौरई डीपी मिश्रा हायर सेकंडरी स्कूल चौरई, बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, चांद ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक में ग्राम चारगांव, छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग दो में ग्राम सारना, जुन्नारदेव में जायसवाल लॉन, दमुआ ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, नवेगांव ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, तामिया बस स्टैंड, अमरवाड़ा नगर पालिका भवन, सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, छिन्दी ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने, बटकाखापा पंचायत भवन के सामने एवं हर्रई में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रोजेक्टर एवं बड़ी स्क्रीन से नेता विपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सम्पूर्ण स्थलों पर युवाओं, छात्राओं, आमजन व कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को देखा और सुना।